THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD) : (a) There is no arrangement for sharing of costs between the Government of India and the Governments of Maharashtra and Gujarat.

(b) and (c) During the last 5 years International Airports Authority of India lias not acquired any land for expansion and development of Bombay Airport.

(d) A statement is annexed.

STATEMENT

Sl. No.	Airport	Revenue earned by	Revenue earned (Rs. in crores)			
			1990-91	1991-92	1992-93	1993-94 (upto October 1993)
1.	Bombay	International Airports Authority of India	102.42	108.53	117.44	76.52 (Provisional)
2.	Bombay	National Airports Authority	37.24	45.85	51.78	36.55 (Provisional)
3.	Ahmedabad	National Airports Authority	0.96	1.12	2.30	2.08 (Provisional)

राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण, मुम्बई की जमीन पर झुग्गियों का निर्माण

3072. **श्री सुशीलकुमार संभाजी राव शिन्दे :** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मुम्बई में राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण की जमीन पर कुछ झुग्गियां बस गयी हैं;

(ख) यदि हां, तो इन झुग्गियों की संख्या कितनी हैं और इन्होंने कितना क्षेत्र घेर रखा है;

(ग) क्या यह सच है कि इन झुग्गियों के कारण विमान यातायात को खतरा पैदा हो गया है;

(घ) क्या यह भी सच है कि महाराष्ट्र सरकार ने इन झुग्गियों का किन्हीं अन्य स्थानों पर पुनर्वास करने की पेशकश की है;

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(च) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या निर्णय लिया गया है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) जुहू हवाई अड्डे पर राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण की लगभग 12,000 वर्ग मीटर भूमि पर अनधिकृत कब्जा है । झुग्गियों की संख्या लगभग 3000 है ।

(ग) जी, हां

(घ) से (च) : झुग्गी झोपड़ी निवासियों को अन्य स्थानों पर बसाने हेतु महाराष्ट्र राज्य सरकार के साथ परामर्श करते हुए प्रयास जारी हैं । तथापि, वैकल्पिक सुविधाओं के उपलब्ध न होने के कारण अभी तक अनाधिकृत कब्जे को हटाना और पुनर्वास संभव नहीं हो पाया है।

निजी विमान कम्पनियों में विदेशी राष्ट्रिकों की भर्ती

3073. **श्री सुशीलकुमार संभाजीराव शिन्दे :** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में शुरू हुई कुछ निजी विमान कम्पनियों ने विदेशी राष्ट्रिकों की भर्ती की है;

(ख) यदि हां, तो कौकपिट क्रू और केबिन क्रू में ऐसे कितने विदेशी नागरिक हैं;

(ग) क्या सरकार देश में बेरोजगारी की समस्या को देखते हुए इस सेवा में विदेशी राष्ट्रिकों

की नियुक्ति के संबंध में कोई नीति बनाने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) एक हवाई टैक्सी प्रचालक द्वारा एफ-27 विमान के प्रचालन के लिए एक विदेशी कॉकपिट कर्मीदल सदस्य की नियुक्ति की गई है। किसी भी विदेशी राष्ट्रिकों को कर्मीदल सदस्य नियुक्त नहीं किया जाता है।

(ग) से (ङ) क्योंकि निजी हवाई टैक्सी प्रचालकों द्वारा विदेशी राष्ट्रिकों की नियुक्ति बड़े पैमाने पर नहीं की गई है, अतः इस समय इस संबंध में किसी भी मार्गदर्शी नीति को तैयार करना आवश्यक नहीं समझा गया है।

महाराष्ट्र में इंडियन एयरलाइंस और वायुदूत की उड़ानों का रद्द किया जाना

3074. **श्री सुशील कुमार संभाजी राव शिन्दे** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान 15 नवम्बर 1993 की स्थिति के अनुसार महाराष्ट्र में इंडियन एयरलाइन्स और वायुदूत की कौन-कौन सी उड़ानें सदा के लिए रद्द कर दी गई हैं;

(ख) इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह सच है कि रत्नागिरी और नांदेड आदि जैसे स्थानों से नियमित उड़ान सेवा शुरू करने के लिए हर तरफ से मांग की गई परन्तु इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गयी है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार किन किन स्थानों से विमान सेवाएं शुरू करने का विचार रखती है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) वाणिज्यिक और प्रचालनात्मक कारणों से इंडियन एयरलाइंस और वायुदूत ने पिछले तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में निम्नलिखित उड़ानों को वापस ले लिया है:

इंडियन एयरलाइंस:

(1) बम्बई-अहमदाबाद-जयपुर-वाराणसी-कलकत्ता और वापसी।
(2) बम्बई-रांची-पटना-बम्बई।
(3) बम्बई-रायपुर-भुवनेश्वर-कलकत्ता।

वायुदूत:

(1) बम्बई-औरंगाबाद-बम्बई
(2) बम्बई-गोवा-बम्बई
(3) बम्बई-औरंगाबाद-नांदेड
(4) बम्बई-पुणे-इंदौर
(5) बम्बई-पुणे-नांदेड
(6) बम्बई-बड़ौदा-बम्बई
(7) बम्बई-भावनगर-बम्बई
(8) बम्बई-सूरत-भावनगर
(9) बम्बई-नासिक-बम्बई
(10) बंबई-औरंगाबाद-नासिक-बंबई
(11) बम्बई-जामनगर-राजकोट
(12) बम्बई-जामनगर-बम्बई।

(ग) जी हां।

(घ) इस समय महाराष्ट्र में किसी नये स्टेशन को हवाई सेवा से जोड़ने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

एयरबस ए-320 शामिल करने के लिए यूरोपीय बैंक से ऋण

3075. **श्री दिलीप सिंह भूरिया** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइन्स के बेड़े में नयी एयरबस ए-320 शामिल करने के लिए यूरोपीय बैंक से सरकार द्वारा कुल कितनी धनराशि का ऋण लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो विमान कंपनी-वार इन खरीदों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि एयरबस भारतीय नागर विमानन के लिए लाभदायक साबित नहीं हुई और अनेक दुर्घटनाएं हो रही हैं;